## प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना अंतर्गत नेटवर्क प्लानिंग ग्रुप की बैठक का कार्यवाही विवरण :–

प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना अंतर्गत NPG की बैठक संचालक, उद्योग संचानालय, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग की अध्यक्षता में दिनांक 08.09.2025 को अपरांह्न 04.00 बजे महानदी भवन, मंत्रालय, नवा रायपुर में कक्ष क्र. S3/12 में संपन्न हुई। बैठक में उपस्थित विभागों की सूची परिशिष्ट 02 में संलग्न है।

- बैठक में सर्वप्रथम माननीय मुख्यमंत्री जी की बैठक दिनांक 22.07.2025 में दिये गये निर्देशों के परिपालन हेतु विभागों से चर्चा की गई। चर्चा के बिन्दु निम्नानुसार हैः–

➢ PMGS अतंर्गत Annual action plan एवं Use cases के निर्माण हेतु गुजरात एवं उतराखंड से प्राप्त Compendium विभागों से साझा किया गया है।

➢ बस्तर जिले में CRPF हेतु भू–खण्डों की पहचान हेतु प्रधानमंत्री गति शक्ति राज्य मास्टर प्लान का उपयोग किया जावेगा। इस हेतु IG बस्तर से पत्राचार किया गया है।

**(कार्यवाहीः गृह विभाग)**

➢ राज्य के खनन क्षेत्र में अप्रोच रोड के निर्माण किये जाने हेतु प्रधानमंत्री गति शक्ति राज्य मास्टर प्लान के माध्यम से योजना तैयार किया जावे।

**(कार्यवाहीः खनिज साधन विभाग)**

➢ तत्पश्चात् बैठक में EGoS की बैठक दिनांक 10.06.2025 में दिये गये निर्देशों के परिपालन की प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा अतंर्गत सर्वप्रथम PMGS के अनिर्वाय/अतिरिक्त डाटा लेयर एवं यूजकेस की अद्यतन स्थिति से विभागों को अवगत कराया गया। चर्चा के बिन्दु निम्नानुसार हैः–

➢ सर्वप्रथम अध्यक्ष महोदय द्वारा PMGS के अनिर्वाय/अतिरिक्त डाटा लेयर के तहत् विभागों द्वारा साझा न किये गये अनिर्वाय/अतिरिक्त डाटा लेयर (सूची परिशिष्ट 01 में संलग्न) की अद्यतन स्थिति में विभागवार चर्चा की गई। विभागों द्वारा लंबित डाटा लेयर को पूर्ण किये जाने हेतु समय सीमा का निर्धारण किया गया।

➢ बैठक में PMGS अंतर्गत चिन्हाकिंत अतिरिक्त डाटा लेयर (162) में से 63 लंबित लेयर की भी विभागवार चर्चा की गई एवं सभी लंबित लेयर को आगामी EGoS की बैठक (सम्भवतः अक्टूबर 2025) तक पूर्ण करने के निर्देश दिये गये।

**(कार्यवाहीः सभी विभाग)**

- EGoS की बैठक दिनांक 10.06.2025 में सभी विभागों को 01 यूजकेस का निर्माण किये जाने का निर्देश प्राप्त हुआ था। इस संबंध में सभी विभागों को अवगत कराया गया की WCD, MFP, Geology & Mining, DIF एवं C&I द्वारा यूजकेस का निर्माण किया जा चुका है। शेष विभागों से कार्यवाही अद्यतन आपेक्षित है। इस संबंध में विभागों को यह अवगत किया गया है कि पूर्व में नोडल विभाग द्वारा सभी विभागों हेतु यूजकेस की पहचान कर साझा किया गया है। अतः विभाग उपरोक्त यूजकेस की सूची से चयन कर यूजकेस का निर्माण कर सकते है अथवा विभाग की आवश्यकता अनुसार नवीन यूजकेस का निर्माण कर सकते है।

- अध्यक्ष महोदय द्वारा PHE प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि जल शक्ति मंत्रालय द्वारा NMP में अपलोड डाटा लेयर के API चिप्स से साझा किया जाये। जिससे Geo पोर्टल में भी संबंधित डाटा का इंटीग्रेशन संभव हो सकें। यद्यपि प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया है कि जल स्त्रोत जैसे वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, ट्यूब वेल, हैण्डपम्प एवं वाटर पम्पिंग स्टेशन का GIS डाटा विभाग में उपलब्ध नहीं है। अध्यक्ष महोदय द्वारा PHE को निर्देशित किया कि वे चिप्स के साथ समन्वय कर उपरोक्त डाटा का GIS प्रारूप में संकलन कर PMGS में अपलोड कराना सुनिश्चित करें।

  **(कार्यवाहीः चिप्स एवं PHE)**

- नगरीय प्रशासन विभाग से संबंधित डाटा लेयर (पाईप लाईन, ड्रेनेज एवं सीवर लाईन) के संबंध में अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि कुछ नगरीय निकाय के पेयजल पाईप लाईन का डाटा लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जल जीवन मिशन अंतर्गत आता है। इस संबंध में उपरोक्त दोनों विभाग आपस में समन्वय कर अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले पाईप लाईन का डाटा नोडल विभाग से साझा करना सुनिश्चित करें। शेष डाटा लेयर भी समय सीमा में पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये गये।

  **(कार्यवाहीः नगरीय प्रशासन विभाग एवं लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग)**

- अध्यक्ष महोदय द्वारा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग एवं राजस्व विभाग द्वारा राज्य मास्टर प्लान अंतर्गत प्रदत्त ग्राम संख्या एवं उनकी सीमा में दोनों विभाग के आकड़ों में असमानता पर विभागों को अवगत कराया गया एवं निर्देशित किया गया कि दोनों विभाग समन्वय कर उपरोक्त विसंगतियों का निराकरण करें।

  इसके अतिरिक्त अध्यक्ष महोदय द्वारा राजस्व विभाग को Urban Land Records का डाटा भी नोडल विभाग को उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। पंचायत एवं ग्रामीण

विकास विभाग को बसाहट से संबंधित आकड़े के संकलन हेतु चिप्स से समन्वय करने के निर्देश दिये गये।

**(कार्यवाहीः चिप्स एवं P&RD, Revenue)**

- स्कूल शिक्षा विभाग से संबंधित डाटा लेयर पर हुई चर्चा में अध्यक्ष महोदय को अवगत कराया गया कि पूर्व में PMGS पोर्टल में अपलोड किये गये डाटा में संशोधन की आवश्यकता है। अतः विभाग द्वारा डाटा में सुधार कर पुनः नोडल विभाग एवं BISAG को प्रेषित किया जावेगा। अध्यक्ष महोदय द्वारा विभाग को Right to Education मापदण्डों अनुसार स्कूल Gap के चिन्हाकन हेतु यूजकेस का निर्माण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

**(कार्यवाहीः स्कूल शिक्षा विभाग)**

- वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के प्रतिनिधि द्वारा गर्वमेंट बिल्डिंग डाटा लेयर के अंतर्गत कटघोरा विकासखण्ड का डाटा साझा किया गया है एवं शेष डाटा का संकलन कर यथाशीघ्र साझा किया जावेगा। इस अतिरिक्त विभाग द्वारा इको टूरिजम का डाटा भी साझा किया जावेगा।

**(कार्यवाहीः वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग)**

- PMGS अतंर्गत Annual action plan के निर्माण हेतु EGoS की बैठक दिनांक 10.06.2025 एवं TSU की बैठक दिनांक 28.07.2025 में दिये निर्देश के परिपालन में 50.00 करोड़ से अधिक मूल्य के PFIC PROJECTS को राज्य मास्टर प्लान में अपलोड किये जाने हेतु जल संसाधन विभाग, कॉनकोर, लोक निर्माण विभाग एवं नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा प्रोजेक्ट का चयन कर साझा किया गया है। शेष विभागों विभागों से कार्यवाही आपेक्षित है।
- राज्य मास्टर प्लान पोर्टल हेतु नोडल अधिकारी का नामांकन एवं लॉगिन आईडी का निर्माण किया जाना है। अध्यक्ष महोदय द्वारा मंडी बोर्ड एवं स्वास्थ्य एंव परिवार कल्याण विभाग को नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिये गये ।

  अध्यक्ष महोदय द्वारा लॉगिन आईडी का निर्माण कर SMP पोर्टल में Onboard किये जाने हेतु सभी विभागों को निर्देशित किया गया। Domain Related Issue में BISAG के प्रतिनिधि श्री उत्पल चौधरी से हुई चर्चा अनुसार पूर्व में DPIIT एवं BISAG को प्रेषित पत्रो एवं ई–मेल को संदर्भित करते हुए पुनः पत्राचार किया जावें।

- अध्यक्ष महोदय द्वारा BISAG के प्रतिनिधि श्री उत्पल चौधरी को अवगत कराया गया कि पूर्व में भी कई बैठकों में निम्नांकित विषयों/समस्याओं से DPIIT एवं BISAG को अवगत कराया गया है :–
  - NMP का डाटा राज्य मास्टा प्लान में परिदृश्य नहीं होता है। जिससे विभागवार यूजकेस के निर्माण सम्भव नहीं होता है।
  - NMP अंतर्गत विकसित किये गये टूल्स SMP में परिदृश्य नहीं होते है। इन टूल्स की SMP में आवश्यकता को देखते हुए नोडल विभाग द्वारा इन टूल्स को SMP में Replicate /उपलब्ध कराने हेतु अनुरोध किया गया।
  - टूल्स के Analysis Output को दूसरे टूल्स में Input के रूप में उपलब्ध कराये जाने की व्यवस्था की जावें।
  - NMP डाटा लेयर को डाउनलोड करने की व्यवस्था की जावें।
  - अध्यक्ष महोदय द्वारा BISAG को निर्देशित किया गया कि पूर्व में विभागों द्वारा प्रेषित सभी डाटा लेयर का 20.09.2025 तक SMP में अपलोड किया जाना सुनिश्चित करें जिससे यूजकेस एवं Annual action plan के निर्माण विभागवार किया जाना सुनिश्चित हो सकें।
- अध्यक्ष महोदय द्वारा सभी विभागों को अवगत कराया गया कि प्रधानमंत्री गतिशक्ति संबंधी Capacity Building एवं समस्याओं के निदान हेतु प्रतिदिन On-Demand प्रशिक्षण PMGS-PMU द्वारा प्रदान किया जाता है।

  तत्पश्चात् अध्यक्ष महोदय द्वारा समस्त प्रतिभागियों का धन्यवान ज्ञापित करते हुए बैठक का समापन किया गया।

## परिशिष्ट–I

| # | Concerned Department | Data layers | Timeline committed by Dept. |
|---|---|---|---|
| 1. | Tourism Board | Tourism Sites | 30th September 2025 |
| 2. | | Hotel & homestays, wellness & medical centers | |
| 3. | Public Works Department (PwD) | ODR, approach roads | 30th September 2025 |
| 4. | Urban Administrative Department (UAD) | Pipeline data (42 ULBs) | 30th September 2025 |
| 5. | | Amrut (Pipeline data, 28 ULBs) | |
| 6. | | Drainage (192 ULBs) | |
| 7. | | Sewer Lines (Bilaspur) | |
| 8. | | Pipeline data (42 ULBs) | |
| 9. | Revenue | Halka boundary | 30th September 2025 |
| 10. | Tribal & Schedule Caste | Tribes' habitation | 30th September 2025 |
| 11. | | Tribal Areas | |
| 12. | | Tribal Hostel | |
| 13. | Sports & youth welfare | Sports Infrastructure Stadium | 30th September 2025 |
| 14. | | Sports Academy | 30th September 2025 |
| 15. | | Gymnasium | 30th September 2025 |
| 16. | | Sports Court | 30th September 2025 |
| 17. | Directorate of Technical Education | Private Engineering colleges data | 15th September 2025 |
| 18. | Public Health Engineering | Supply line (JJM) | 30th September 2025 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 19. | Department of Higher Education | Colleges | 15th September 2025 |
| 20. | Energy Department | EV charging station | 30th September 2025 |

## परिशिष्ट-II

| # | Name of Department |
|---|---|
| 1. | Revenue& Disaster Management |
| 2. | Chhattisgarh Housing Board |
| 3. | NRDA |
| 4. | BISAG-N, Gandhinagar |
| 5. | Public Works Department |
| 6. | Panchayat & Rural Development |
| 7. | Geology & Mining |
| 8. | Urban Administrative Department |
| 9. | Higher Education |
| 10. | Culture & Archaeology Department |
| 11. | Tourism Board |
| 12. | Minor Forest Produce |
| 13. | Food & Civil Supplies (Legal Metrology) |
| 14. | Tribal Department |
| 15. | Department of Agriculture |
| 16. | Water Resource Department |
| 17. | Directorate of Institution Finance |
| 18. | Transport Department |
| 19. | Department of Home |
| 20. | Department of Public Health Engineering |
| 21. | Department of Horticulture |

| # | Name of Department |
|---|---|
| 22. | Department of Energy |
| 23. | FCI |
| 24. | Forest |
| 25. | CSIDC |
| 26. | CONCOR |
| 27. | Department of Commerce & Industries |
| 28. | School Education |